भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1924
दिनांक 30 जुलाई, 2026

तंजावुर में पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता

†1924. **श्री मुरसोली एस.:**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पाँच वर्षों के दौरान तंजावुर जिले में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत जारी किए गए एलपीजी कनेक्शनों की संख्या कितनी है;

(ख) समान अवधि के दौरान तंजावुर जिले को कवर करने वाले सिटी गैस वितरण नेटवर्क विस्तार की स्थिति क्या है;

(ग) जिले में संचालित पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा ब्रिकी केन्द्रों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(घ) समान अवधि के दौरान ईंधन में मिलावट या कम आपूर्ति के संबंध में प्राप्त शिकायतों की संख्या कितनी है और ऐसी शिकायतों की स्थिति क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क): प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) मई, 2016 में गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को जमानतमुक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। दिनांक 01.07.2026 तक, देश में लगभग 10.58 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन थे, जिनमें तमिलनाडु के तंजावुर जिले में 1.41 लाख पीएमयूवाई कनेक्शन शामिल थे। विगत पांच वित्तीय वर्षों के दौरान, ओएमसी ने तमिलनाडु के तंजावुर जिले में 0.38 लाख पीएमयूवाई कनेक्शन जारी किए हैं।

(ख) तंजावुर जिला एक एकल भौगोलिक क्षेत्र (जीए) है जिसमें पुडुकोट्टई, शिवगंगा और तंजावुर जिले शामिल हैं जो नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास के लिए प्राधिकृत हैं। विगत पांच वित्त वर्षों के दौरान, प्राधिकृत सीजीडी कम्पनियों ने शून्य घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्रदान किया है, 9 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए हैं और जीए में 195 पाइपलाइन इंच-किमी बिछाए हैं।

(ग) तंजावुर जिले में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों में 233 खुदरा बिक्री केन्द्रों का नेटवर्क है।

(घ) ओएमसीज में विगत पांच वित्त वर्षों के दौरान तंजावुर जिले में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों को ईंधन में मिलावट अथवा कम आपूर्ति के संबंध में केवल एक शिकायत प्राप्त हुई थी जिसका एचपीसीएल द्वारा संतोषजनक ढंग से समाधान किया गया था।

*****